प्रेस नोट

दिनांक 17.09.2024

ADM/ASP जनपद हमीरपुर के द्वारा कंस मेला तैयारियों के संबन्ध में समीक्षा कर पुलिस बल की ब्रीफिंग की गई।

पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद हमीरपुर के निर्देशन में आज दिनांक 17.09.2024 को हमीरपुर जनपद के थाना मौदहा क्षेत्र में 17 से 19 सितंबर 2024 तक चलने वाले ऐतिहासिक कंस मेला आयोजन के दृष्टिगत, अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा अंर्तजनपदीय व वाह्य जनपद से आने वाले समस्त पुलिस बल के साथ ब्रीफिंग की गई।

मेला के दौरान भीड़ प्रबंधन और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा तैयारियों के सम्बन्ध में बिन्दुवार चर्चा की गई।

पुलिस बल को मेले के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया है, जिसमें भीड़भाड़ वाले स्थान व मेला मैदान शामिल हैं।

मेला के दौरान यातायात सुचारू रखने के लिए विशेष यातायात व्यवस्था की गई है। इसमें पार्किंग की व्यवस्था, और पैदल यात्रियों के लिए अलग मार्ग शामिल हैं।

भारी वाहनों का प्रवेश मेला क्षेत्र के निकट प्रतिबंधित किया गया है और लोगों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरने के निर्देश दिए गए हैं।

मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है ताकि सुरक्षा पर निगरानी रखी जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

मेले के दौरान किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति के लिए एंबुलेंस और मेडिकल टीमें तैनात रहेंगी।

किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी की तैनाती की गई है, जो विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में चौकसी बरत रही है।

भीड़भाड़ और धार्मिक स्थलों के पास सुरक्षा को और पुख्ता किया गया है ताकि किसी भी तरह की अवांछित गतिविधियों पर नजर रखी जा सके।

ब्रीफिंग का मुख्य उद्देश्य मेला के दौरान भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, और शांति व्यवस्था को सुनिश्चित करना था। ड्यूटी पर लगे समस्त पुलिस बल को सतर्कता व पूर्ण मनोयोग से ड्यूटी करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मौदहा , क्षेत्राधिकारी मौदहा , क्षेत्राधिकारी सरीला , क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु (कृष्णकांत त्रिपाठी) व अन्य सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

SARASWATI GROUP
OF
INSTITUTION